# राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय, उदयपुर

## वार्षिक प्रतिवेदन

## 2022–23

सन् 1956 में स्थापित यू.जी.सी. की नेक टीम द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त यह महाविद्यालय पाठ्यक्रम के अतिरिक्त पाठ्य सहगामी प्रवृत्तियों के माध्यम से छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु कार्यरत है। इस महाविद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों एवं गतिविधियों का सम्पूर्ण विवरण प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

इस महाविद्यालय में तीनों संकायों की स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में कुल 5568 छात्राएँ अध्ययनरत हैं।26 विषयों में स्नातक, 18विषयों में स्नातकोत्तर की कक्षाएँ संचालित हैं। जिसमें 2021–22 में ......... छात्राओं ने विश्वविद्यालय योग्यता सूची में प्रथम स्थानप्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।कला, वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय में कुल 115 व्याख्याता अध्ययन अध्यापन में संलगन हैं तथा 71 व्याख्याता शोध निर्देशक हैं। कला,वाणिज्य एवं विज्ञान की विभागीय परिषदों ने छात्राओं के विकास के लिये विषय सम्बन्धी विविध गतिविधियाँ आयोजित की।

**महाविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव** 2022–23 में अध्यक्ष पद पर किरण वैष्णव, उपाध्यक्ष मुमुक्षा शर्मा, महासचिव दिशा तावड़ तथा संयुक्त सचिव सोनू चारण निर्वाचित हुयी एवं कार्यकारिणी का गठन किया। छात्रसंघ कार्यकारिणी की मुख्य परामर्शदाता डॉ. मंजू बारूपाल के निर्देशन में छात्रसंघ कार्यकारिणी के सहयोग से स्वाधीनता दिवस, बसंत पंचमी, गणतंत्र दिवस, छात्रासंघ उद्घाटन एवं शपथग्रहण समारोह मनाया गया। मिस एम.जी. एवं मिस फ्रेशर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसके अन्तर्गत ज्योति शर्मा मिस एम.जी. एवं जया जायसवाल मिस फ्रेशर बनी।

**एन.एस.एस.** में कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. भूरीलाल मीणा जिला समन्वयक, डॉ. सुनीता आर्य प्रभारी, डॉ. किरण मीणा एवं रितु परमार कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा, लघु निबन्ध लेखन

आदि विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। चालन प्रशिक्षण कार्यक्रम, फिट इंडिया रन 3.0, क्लीन इंडिया अभियान 2.0, सरदार वल्लभ भाई पटेल, पंडित जवाहर लाल नेहरू, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, स्वामी विवेकानन्द आदि की जयन्ती पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही, राष्ट्रीय बालिका दिवस, राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75वीं पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद दिवस का आयोजन किया गया। उन्नत भारत अभियान के तहत सुखेर के दो गॉवों में जनचेतना जागृत की गई।

**एन.सी.सी.** प्रभारी केप्टन डॉ. संगीता माहेश्वरी के नेतृत्व में 108 केडेट्स ने सत्र पर्यन्त अनेक गतिविधियों में भाग लिया और अनेक उपलब्धियाँ प्राप्त की।महाविद्यालय के लिये यह बड़े गर्व का विषय है कि महाविद्यालय की एन.सी.सी. केडेट नीलम सालवी ने नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। राजस्थान के एन.सी.सी. दल को सम्पूर्ण भारत में छठा स्थान प्राप्त हुआ। राजस्थान के गवर्नर ने भी 'एट होम' आयोजित कर महाविद्यालय की 1– सीनियर अण्डर ऑफिसर फातिमा जुक्कर, 2– अण्डर आफिसर पूर्वा पुरोहित एवं 3– आर.डी.सी. केडेट नीलम सालवी की उपलब्धियों की प्रशंसा की।

दिल्ली में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कैम्प में महाविद्यालय की केडेट गप्पू चूण्डावत ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व और दल का नेतृत्व किया। वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैम्प का नेतृत्व सीनियर अण्डर ऑफिसर फातिमा जुक्कर ने किया। विशाखा शर्मा को बेस्ट एंकर का अवार्ड तथा विविध प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर महाविद्यालय को ऑवर ऑल चैम्पियनशिप की ट्रॉफी प्राप्त हुयी। चैम्पियनशिप की ट्रॉफी दिलवाने में महाविद्यालय की छात्राओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

**खेल समिति** प्रभारी डॉ. चन्द्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रीय, जिला एवं विश्वविद्यालय स्तर पर छात्राओं ने महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। अन्तर्विश्वविद्यालय (वेस्ट जोन) प्रतियोगिताओं में 19 छात्राओं का चयन हुआ जिसमें ऑल इण्डिया के लिये महिला कुश्ती में मानसी बागड़ी द्वितीय वर्ष कला,

मनीषा थापा प्रथम वर्ष कला, महिला बॉक्सिंग तथा महिला वोसू में भावना गोस्वामी एम.कॉम. पूर्वार्द्ध का चयन हुआ। भावना गोस्वामी ने बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर महाविद्यालय की शान बढ़ाई। इसके अतिरिक्त अन्तर्महाविद्यालय प्रतियोगिताओं में विभिन्न खेलों में महाविद्यालय की 34 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें महिला क्रॉसकण्ट्री में प्रथम, महिला एथेलिटिक्स में द्वितीय तथा महिला क्रिकेट में तृतीय स्थान पर छात्राओं ने महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

**सांस्कृतिक समिति** प्रभारी डॉ. लाजवन्ती बनावत के निर्देशन में अन्तरकक्षा शास्त्रीय गायन, वादन, एकल गीत, समूह गीत, एकल एवं समूह नृत्य आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त गाँधी जयन्ती एवं विश्व अहिंसा दिवस पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा में गाँधी जी के भजनों और गीतों की प्रस्तुति तथा स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पर राष्ट्र गान, राष्ट्रगीत एवं देशभक्ति गीतों की एकल एवं सामूहिक प्रस्तुती करवाई गयी।

**साहित्यिक समिति** प्रभारी डॉ. शिवे शर्मा के निर्देशन में 'राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन से सीख' विषयक विचाराभिव्यक्ति प्रतियोगिता, 'त्यौहार, उत्सव एवं जीवन–मूल्य' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता, गांधी जयन्ती सप्ताह के अन्तर्गत जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, शिक्षा दिवस पर 'शिक्षा के महत्व' पर विचाराभिव्यक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त बाल दिवस, संविधान दिवस आदि अवसरों पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। संभाग–स्तरीय स्वरचित कविता पाठ एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं में सुश्री कल्पना कुमावत ने द्वितीय एवं उर्वशी श्रीमाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दिसम्बर माह में सरकार की फ्लेगशिप योजनाओं पर आशुभाषण एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा छात्राओं की रचनात्मक अभिव्यक्ति के विकास के लिये सरस्वती वाटिका में ओपन एयर सेशन का आयोजन किया गया। यथावसर छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

**महिला प्रकोष्ठ** प्रभारी डॉ अनिता कावड़िया के निर्देशन में महिला अधिकार जागरूकता एवं सक्षम महिला निर्माण की दिशा में

महिला प्रकोष्ठ सत्र पर्यंत संलग्न रहा। सत्र पर्यंत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे पोस्टर व निबंध आदि। इसके अतिरिक्त तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला की गई जिसमें सुरक्षित वाहन चालन एवं रोड सेफ्टी के बारे मे विस्तृत जानकारी छात्राओं को दी गई।

**मुख्यमंत्री बीएड संबल योजना विधवा एवं परित्यक्ता** की प्रभारी डॉ अंजना के अनुसार इस छात्रवृत्ति के तहत नोडल स्तर पर प्राप्त आवेदनों की जांचकर आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के स्तर पर अग्रेषित करने एवं छात्रवृत्तियों को डिसबर्स करने का कार्य जारी है।

**स्वास्थ्य समिति** प्रभारी डॉ. ताहिरा बानो के निर्देशन में नशा मुक्ति के लिये शपथ, स्तन कैंसर के रोकथाम के उपायों पर व्याख्यान आयुक्तालय के आदेश की पालना के तहत 'आयुष्मान भारत योजना' की छात्राओं को विस्तृत जानकारी देना, ' बृहद् चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित करना, 'राष्ट्रीय बालिका दिवस' के अवसर पर मासिक–धर्म–स्वच्छता' विषय पर व्याख्यान कराया गया।

**रेंजरिंग समिति** प्रभारी डॉ. वन्दना के नेतृत्व में बृहद रैली एवं भाषण, स्लोगन, काव्य पाठ आदि विविध प्रतियोगिताएँ आयोजित की गयीं तथा व्याख्यान, संविधान परिचर्चा, बृहद चिकित्सा परामर्श शिविर एवं भ्रमण शिविर का आयोजन भी किया गया।

**रेड रिबन क्लब** प्रभारी डॉ. रेहाना परवीन के निर्देशन में एड्स जागरूकता सम्बन्धी क्विज, निबन्ध, पोस्टर, स्लोगन, आशुभाषण आदि विविध प्रतियोगिताओं

का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त शिल्पग्राम में जाकर छात्राओं के दल ने विभिन्न राज्यों के कलाकारों को भी एड्स की जानकारी दी।

**योजना मंच** के प्रभारी डॉ. अशोक सोनी के निर्देशन में इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के सहयोग से वित्तीय जागरूकता एवं धोखाधड़ी विषय पर व्याख्यान का आयोजन, आर्थिक मंदी की आहट विषय पर समूह चर्चा, समसामयिक आर्थिक मुद्दों पर संवादात्मक सत्र का आयोजन किया तथा योजना मंच के तहत छात्राओं से विवेकपूर्ण रूप से संवाद बनाए रखा।

**नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ** की प्रभारी डॉ. वन्दना वर्मा के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई। इसके अन्तर्गत राजस्थान सरकार आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर के द्वारा रेस योजना की क्रियान्विति सुचारू रूप से संचालित है। वर्तमान में इस योजना के माध्यम से उदयपुर जिले के नवीन सृजित महाविद्यालयों में मांग आधारित विषयों में अध्यापन कार्य व्यवस्था राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय द्वारा संचालित की जा रही है। सत्र 2022–23 में मीरा कन्या महाविद्यालय द्वारा 10 शिक्षकों के माध्यम से 58 **दिनों** की शिक्षण व्यवस्था गोगुन्दा झाड़ोल, भीण्डर एवं कुराबड़ हेतु बनाई गई।

**सामान्य छात्रावास** वार्डन श्रीमती स्नेहा बाबेल के संरक्षण में 300 छात्राएं तथा **जनजाति छात्रावास** वार्डन डॉ. ज्योति गौतम के संरक्षण में 90 छात्राएँ निवास कर रही हैं। सत्र पर्यन्त यहॉ विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता हैं। सामान्य छात्रावास में मीरा एल्युमिनी के सौजन्य से 14,000 चौदह हजार रूपये लागत की विजिटिंग चेयर्स डॉ. सविता चाहर द्वारा भेंट की गयी। डॉ. इन्दुबाता सोनी के सौजन्य से छात्राओं को स्टेशनरी वितरित की गयी।

**एच.टी.ई. वेबपोर्टल** समिति प्रभारी डॉ. कुलविन्दर कौर ने बताया कि वेबपोर्टल समिति समय समय पर महाविद्यालय में होने वाली सभी गतिविधियों की जानकारी, प्रवेश सम्बन्धी विस्तृत जानकारी एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों का

ब्यौरा वेबसाइट पर अपडेट करती है। वेबसाइट के न्यूज एण्ड इवेंट एवम् सर्कुलर सेक्शन को निरन्तर अपडेट किया जाता है।

**अभिभावक परिषद** प्रभारी डॉ. मंजू त्रिपाठी के निर्देशन में परिषद् के तहत अभिभावकों का स्वागत किया गया तथा उनसे संवाद स्थापित किया गया। संवाद के दौरान अभिभावकों ने महाविद्यालय में संचालित रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों की प्रशंसा की। अभिभावकों द्वारा छात्राओं की व्यावहारिक समस्याओं को सामने रखने पर डॉ. जुझार हुसैन द्वारा समाधान किया गया।

**कॉमर्स लैब** प्रभारी डॉ. यदुराव ने बताया कि वाणिज्य के विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में कॉमर्स लैब अत्यन्त सहायक है। एतदर्थ कॉमर्स लैब द्वारा प्रबुद्ध विद्वानों के 18 व्याख्यान करवाए गए।

**रोजगार एवं उद्यमिता परामर्श** प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. अशोक सोनी ने विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करवाई। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक उदयपुर शाखा में अंशकालिक प्रशिक्षु छात्राओं को अवसर दिया गया। मोटिवेशनल स्पीकर द्वारा छात्राओं को यूपीएससी की परीक्षा से सम्बन्धित जानकारी देना, कैरियर काउंसलिंग के तहत पैसेफिक इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट की डॉ. मेंहन्दी शर्मा द्वारा पर्यटन एवं होटल उद्योग में रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान कराना, राजस्थान सरकार द्वारा आयोजित मेगा जॉब फेयर में छात्राओं का पंजीकरण करवाना, विभिन्न कमपनियों में छात्राओं द्वारा साक्षात्कार देना, कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन, मिशन बुनियाद के तहत फेलोशिप कार्यक्रम के नए बेच के लिये आवेदन मांगना आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा रोजगार प्रकोष्ठ 2022–23 नामक वाट्सएप ग्रुप पर रोजगार एवं प्रतियोगिता सम्बन्धी सामग्री कोसाझा किया।

**आई एम शक्ति उड़ान योजना** का शुभारम्भ दिनांक 09.09.2022 को प्राचार्य डॉ. नीलम सिंघल एवं नोडल अधिकारी डॉ. अंजना गौतम ने किया। डॉ.

**कीर्ति माथुर** के नेतृत्व में इस योजना के तहत छात्राओं को निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन बाँटे गए। इस योजना के तहत माह सितम्बर 2022 तक 2484 सेनेटरी नैपकिन के पैकेट, अक्टूबर में 2352, नवम्बर में 10706 एवं दिसम्बर में 8202 सैनेटरी नैपकिन के पैकेट वितरित किये गए। वितरण की द्वितीय आपूर्ति के माध्यम दिनांक 23 जनवरी 2023 को 23744 सैनेटर नैपकिन पैकेट प्राप्त हुए। सैनेटरी नैपकिन की दूसरी आपूर्ति प्राप्त होने के उपरान्त जनवरी माह में सैनेटरी नैपकिन के 6021 पैकेट वितरित किये गए। वर्तमान- समय में महाविद्यालय की प्राचार्या मीना बया एवं नोडल अधिकारी डॉ. अंजना गौतम के मार्गदर्शन में इस योजना का सुचारू संचालन जारी है।

**महाविद्यालय की एंटी रेगिंग** समिति प्रभारी डॉ. नवनीत प्रिया के निर्देशन में समिति ने समस्त सीनियर छात्राओं को 'रेगिंग एक कानूनी अपराध है' यह बताया तथा रेगिंग के दण्डात्मक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए 'नवप्रविष्ट' छात्राओं के साथ सहयोगात्मक व्यवहार के लिये प्रोत्साहित किया। समस्त नवप्रविष्ट छात्राओं को समिति के समस्त सदस्यों एवं प्रभारी के मोबाईल नं. उपलब्ध करवाए गए।

**मानवाधिकार क्लब** की प्रभारी डॉ. मंजू फड़िया के कुशल नेतृत्व में व्याख्यान, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, कार्यशाला आदि के माध्यम से छात्राओं को मानवाधिकारों सम्बन्धी जानकारी दी गई। अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर मानवाधिकारों के संरक्षण की शपथ दिलाई गयी।

**मतदाता साक्षरता क्लब** की प्रभारी डॉ. मंजू फड़िया ने विभिन्न गतिविधियों मतदाता संकाय सदस्य पंजीकरण कैंप, आधार EPIC पंजीकरण कैंप, नव–मतदाताओं के साथ संवाद कार्यक्रम, क्लस्टर कैंप द्वारा नवमतदाताओं का पंजीकरण एवं मतदान के प्रति जागरूकता, मतदान को आधार से लिंक करने की ट्रेनिंग दी गई। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तहत प्राचार्य डॉ. मीना बया द्वारा

महाविद्यालय के संकाय सदस्यों, मंत्रालयी कर्मचारियों एवं छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। 13वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मीना बया एवं ई.एल.सी. सह नोडल अधिकारी डॉ. कुलदीप फड़िया को जिला स्तर पर प्रमाण पत्र एवं मिमेन्टों देकर मतदाता जागरूकता एवं नव मतदाताओं का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाने में अपने योगदान के लिये सम्मानित किया गया।

**रोजगारोन्मुखी बैंकिंग पाठ्यक्रम** प्रभारी डॉ. मंजु खत्री के नेतृत्व में यू.जी. सी. द्वारा अनुमोदित केरियर ओरियन्टेड कोर्स 2005 से महाविद्यालय की छात्राओं के लिये बैंकिंग एवं व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा अनवरत चलाया जा रहा है। वर्तमान में सर्टिफिकेट कोर्स में 38 एवं डिप्लोमा कोर्स में 24 कुल 62 छात्राओं ने प्रवेश लिया। छात्राओं के लिये व्याख्यान एवं कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

**आई.पी.आर. सेल** नॉडल अधिकारी डॉ. कुमुद इण्टोदिया के नेतृत्व में महाविद्यालय में आई.पी.आर.सेल, रिसर्च एवं डवलपमेंट सेल तथा सी.एस.आई. आर. – एन.सी.एल. एवं इंडियन पेमेंट ऑफिस, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्त्वावधान में "बौद्धिक सम्पदा का बोध एवं उसका महत्त्व विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सी.एस.आई.आर.– एन.सी.एल. के प्रमुख वैज्ञानिक एवं बौद्धिक सम्पदा सलाहकार डॉ. नितिन तिवारी ने बौद्धिक सम्पदा के संरक्षण, प्रबन्धन एवं विभिन्न प्रकार के बौद्धिक अधिकार जैसे कॉपीराइट, ट्रैडमार्क, भौगोलिक संकेतक, औद्योगिक डिजाइन, पेटेंट, लोगो इत्यादि एवं पेटेंट फाइलिंग पर महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. मीना बया ने उच्च शिक्षण संस्थाओं में बौद्धिक सम्पदा के महत्त्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

## व्यक्तिगत उपलब्धिया

डॉ. श्रद्धा तिवारी को शिक्षा के क्षेत्र में समाजोत्थान के लिये सारस्वत समाज द्वारा सम्मानित किया गया। इन्हें 'बेस्ट स्कॉलर अवार्ड' एवं 'ओ.पी. शर्मा अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया। जनजातीय समाज प्रमुख प्रशासनिक योजनाएं नामक पुस्तक भी प्रकाशित हुयी।

डॉ. स्नेहा बाबेल अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर The she award से सम्मानित हुई।

डॉ. अंजु बेनीवाल को शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु अन्तर्राष्ट्रीय महिला मंच भोपाल द्वारा 'राजस्थान महिला रत्न' सम्मान प्रदान किया गया। आपको लंदन जर्नल प्रेस, लंदन में आमंत्रित लेखक एवं एडिटोरियल बोर्ड सदस्य के रूप में नामित किया गया।पाठ्यक्रम आधारित तीन पुस्तकों का प्रकाशन तथा एक पुस्तक का सम्पादन कार्य इनके द्वारा किया गया।दो अनुसंधान पत्रों का प्रकाशन प्रतिष्ठित अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिकाओं में हुआ। आपने विभिन्न राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं कार्यशालाओं में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचारों की अभिव्यक्ति की।

दिनांक

प्राचार्य

राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय,

उदयपुर